**अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध**

प्रेषक,

**निदेशक**
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, देहरादून

सेवामें,

1. **निदेशक,**
   अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण,
   उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. **अपर निदेशक,**
   महानिदेशालय विद्यालयी शिक्षा,
   उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. **अपर निदेशक,**
   माध्यमिक शिक्षा निदेशालय,
   उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. **अपर निदेशक,**
   एस0सी0ई0आर0टी0,
   उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. **अपर निदेशक, (प्रा0शि0/मा0शि0)**
   कुमाऊँ मण्डल नैनीताल/
   गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
6. **सचिव,**
   उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
   रामनगर, नैनीताल।
7. **समस्त, मुख्य शिक्षा अधिकारी,**
   उत्तराखण्ड।
8. **समस्त, प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं**
   प्रशिक्षण संस्थान, उत्तराखण्ड।
9. **समस्त, जिला शिक्षा अधिकारी,**
   (प्रा0शि0/मा0शि0)
   उत्तराखण्ड।
10. **समस्त, खण्ड शिक्षा अधिकारी/**
    उप शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।

पत्रांक : सेवायें–3(2)/107/ 1923-25 /वार्षि0 स्था0/2025–26, दिनांकः 17 मई, 2025

**विषयः– मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों के रिक्त पद की सूची का प्रख्यापन के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्रांकः सेवायें–3(2)/107/1462–65/वार्षिक स्थाना0/2025–26, दिनांक 07 मई, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम–2017 के प्राविधानों के अन्तर्गत स्थानान्तरण सत्र 2025–26 के लिए अनिवार्य स्थानान्तरण एवं अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु इच्छुक कार्मिकों से विकल्प पत्र/आवेदन पत्र आमंत्रित करते हुए पात्रता सूची एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी के रिक्त पदों की सूची प्रख्यापित की गयी। उक्त प्रख्यापित सूची में तद्समय प्रधान सहायक के रिक्त पदों की सूची अपडेट न होने के कारण सूची प्रख्यापित नही की जा सकी।

उक्त के क्रम में मिनिस्ट्रीयल संवर्ग की वर्तमान स्थिति के अनुसार रिक्ति पदों की सूची सूचना संलग्न कर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अतः संबंधित पात्र कार्मिकों से अनिवार्य स्थानान्तरण हेतु विकल्प पत्र एवं अनुरोध के आधार पर स्थानान्तरण हेतु आवेदन पत्र निदेशालय को उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए **दिनांक 25.05.2025** तक निर्धारित की जाती है। कृपया तदनुसार अपने स्तर से संबंधित पात्र कार्मिकों को अवगत कराने का कष्ट करें।

**<u>संलग्नः रिक्त पदों की सूची।</u>**

भवदीय
17.5.25
**(पदमेन्द्र सकलानी)**
प्रभारी अपर निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड

**पृ0सं0ः सेवायें–3/ 1923-25 /वार्षि0 स्था0/2025–26, दिनांकः उक्तवत्।**

**प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।**

01. मण्डलीय अपर निदेशक, प्रा.शि. गढ़वाल मण्डल पौड़ी/कुमाऊं मण्डल नैनीताल को इस आशय से प्रेषित की कृपया आप अपने मण्डलान्तर्गत मिनिस्ट्रीयल संवर्ग के कार्मिकों की रिक्त पदों की सूची का सत्यापन करते हुए तदनुसार तीन दिनों के भीतर सत्यापित सूची से निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
02. समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या राजकीय माध्यमिक विद्यालय उत्तराखण्ड (द्वारा संबंधित ख.शि.अ.)

**प्रभारी अपर निदेशक**
प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड